



नवभारत
भोपाल, सोमवार 30 मार्च, 2026

## एक नजर में

### स्वर्णकार समाज द्वारा कार्यकारिणी का गठन



**राजगढ़ 29 मार्च, का.** श्रीमेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज की बैठक मंगलवार को राजगढ़ में आयोजित की गई. बैठक में कार्यकारिणी की घोषणा समाज के अध्यक्ष भागवत सोनी की अनुशंसा पर की. जिसमें संदीप सोनी सुरेश सोनी ओर दिनेश सोनी को नगर उपाध्यक्ष बनाया गया. जगदीश सोनी करेडी वाले को समाज का मीडिया प्रभारी नियुक्ति किया गया. बैठक में उपस्थित समाज जनों सभी नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई शुभकामनाए दी.

### अब सार्वजनिक अवकाश आज

**राजगढ़ 29 मार्च, का.** पूर्व में 31 मार्च को महावीर जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया था. लेकिन स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सामाजिक संगठनों द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन पर विचार करने के बाद शासन द्वारा 31 मार्च के स्थान पर आज 30 मार्च को अवकाश घोषित किया है. मध्य प्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के तहत वर्ष 2026 के घोषित अवकाशों में संशोधन किया गया है. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा जारी आदेश में बताया गया कि राजगढ़ जिले में 30 मार्च, 2026 को महावीर जयंती के अवसर पर पूर्ण दिवस का सार्वजनिक अवकाश रहेगा. प्रशासन ने सभी शासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं संबंधित विभागों को इस आदेश का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है.

### महावीर जयंती पर शोभायात्रा आज

**ब्यावरा 29 मार्च, का.** नगर सहित जिले भर में आज महावीर जयंती का पर्व श्रद्धा, भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा. नगर में विमान के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी. जानकारी के अनुसार आज प्रात: 9.30 बजे जगात चौक स्थित जैन मंदिर से विमान के साथ शोभायात्रा प्रारंभ होगी. नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए शोभायात्रा वापस मंदिर पहुंचेगी जहां धार्मिक, सामाजिक आयोजन होंगे.

### 31 को महावीर स्वामी जन्मकल्याण महा उत्सव

**सारंगपुर 29 मार्च, सं.** जैन श्वेतांबर श्रीसंघ के तत्वाधान में भगवान महावीर स्वामी जन्मकल्याण महोसव 31 मार्च मंगलवार को मनाएगा. उक्त जानकारी देते हुए समाज अध्यक्ष प्रदीप बरडिया ने बताया कि परम तारक परमात्मा भगवान महावीर के 2624वें जन्मकल्याणक के परम पावन प्रसंग पर परमात्मा की रथयात्रा प.पू कल्प शासन ज्योति श्रीजी मासा आदि ठाणा–5 की पावन निश्रा में निकली जाएगी. श्रीबरडिया ने बताया कि परमात्मा की रथयात्रा 31 मार्च को प्रात: 10 बजे से श्रीशांतिनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर बड़ी होली सारंगपुर से प्रारंभ होगी. जो विभिन्न मार्गो से निकलेगी. जैन श्वेतांबर श्रीसंघ एवं जैन श्वेतांबर युवा मंडल सारंगपुर ने सभी समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है.

# पार्वती सूखने से पानी को तरसेंगे 77 गांव

## जल जीवन मिशन : 77 गांवों में ठप्प होगी पेयजल सप्लाई, जल से जीवन देने का फिर इस साल अधूरा रह जाएगा मिशन

**पहाड़गढ़ परियोजना के जल स्त्रोत में पानी का टोटा**

**गांव–गांव पानी पहुंचाने के दावों को मुंह चिढ़ा रहे हालात**



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 29 मार्च, का. गांव–गांव, घर–घर नलजल योजना के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने के दावों पर पहाड़गढ़ पेयजल योजना में पार्वती नदी के सूखने से पानी फिरता नजर आ रहा है. क्षेत्र की पहाड़गढ़ पेयजल योजना से जुड़े 77 गांव फिर प्यासे रहने की आशंका है. इसका कारण यह है कि इस पेयजल योजना का मुख्य स्त्रोत पार्वती नदी आने वाले अधिकतम एक पखवाड़े में सूख जायेगी.**

जल जीवन मिशन के तहत जल से जीवन देने का मिशन फिर इस साल अधूरा रह जायेगा. इस मिशन के तहत सरकार ने 77 गांवों में पेयजल सप्लाई की व्यवस्था की थी. यद्यपि यह योजना भविष्य में पार्वती बांध के निर्मित हो जाने के बाद से सुचारू चलने की उम्मींद है. वर्तमान दौर में इन 77 गांवों के ग्रामिणों को तो आने वाले गर्मी के दौर में संकट का सामना करना पड़ेगा.

पहाड़गढ़ परियोजना के लिये मुख्य जल स्त्रोंत पार्वती नदी का पानी है. फिलहाल पारसाना गांव के समीप नदी से जिस जगह से पानी लिया जायेगा वहां बमुश्किल आठ–दस दिन का पानी ही बचा है. ऐसे में ग्रामीणों के समक्ष पेयजल का संकट मंडरा सकता है. शासन प्रशासन को पुन: एक बार परंपरागत जल स्त्रोतों की ओर जाना पड़ेगा. पार्वती डेम बनने के बाद ही इस समस्या का निदान संभव है. अगली गर्मी तक ग्रामीण इस समस्या से राहत पा सकते है.

उल्लेखनीय है कि सुठालिया क्षेत्र की पहाड़गढ़ परियोजना के तहत आने वाले 77 गांवों में पेयजल सप्लाई के लिए जो पानी बचा है उससे आठ से दस दिन और सप्लाई हो सकेगी.

इसके बाद पेयजल सप्लाई ठप्प होने की नौबत आ बनेगी. इस बार फिर भी पूरे मार्च माह तक सप्लाई हो सकेगी जबकि गत वर्ष तो बमुश्किल मार्च का आधा माह ही बीता था और पानी समाप्त हो गया था. पानी के अभाव में गत वर्ष 17 मार्च से पेयजल सप्लाई बंद करना पड़ी थी. इस वर्ष यह पानी 8–10 अप्रैल तक उपलब्ध हो सकता है.

### रिकार्ड बारिश के बाद भी परेशानी से सामना

बीते वर्षाकाल में रिकार्ड बारिश के बावजूद सुठालिया क्षेत्र में 77 गांवों को नलजल योजना के द्वारा पानी देने वाले पारसाना स्थित पार्वती नदी स्थल पर अब आठ से दस दिन का ही पानी शेष होना बताया जा रहा है. जबकि इस बार रिकार्ड बारिश हुई थी किंतु जहां से पेयजल सप्लाई की जाती है वहां पर्याप्त जल संग्रहण की व्यवस्था नहीं होने के कारण गर्मी के दिनों में ऐसे हालात निर्मित हो जाते है. इस तरह आठ से दस दिनों के बाद आखिरकार 77 गांवों की नलजल योजना को बंद करना पड़ेगा.

### पानी के अभाव में बिगड़ जाती है पेयजल सप्लाई

जानकारी के अनुसार ब्यावरा विकासखण्ड के तहत जल जीवन मिशन द्वारा सुठालिया क्षेत्र के 77 गांवों में पारसाना स्थित पार्वती नदी से नलजल योजना के तहत गांव–गांव पानी पहुंचाया जाता है. वर्तमान में एक दिन छोड़कर पानी सप्लाई की जाती है. ग्राम गांगाहोनी, चाचाखेड़ी, महाराजखेड़ा, सेमलापार, टोड़ी, गिंदौरहाट, नरी, बिसौनिया, मऊ, मोठबडली, नापानेरा, अमरगढ़ खंडिया सहित दर्जनों गांवों में पेयजल सप्लाई की जाती है किंतु आने वाले दिनों में पानी नहीं होने से पानी सप्लाई पर विराम लगने की नौबत आ जाएगी. पहाड़गढ़ परियोजना वर्ष 2022 के जुलाई माह में शुरु हुई थी. पानी सप्लाई के लिए यहां पर्याप्त पानी नहीं बचने का कारण जल संग्रहण नहीं होना अथवा संग्रहण का प्रबंध करने वाले डेम का निर्माण पूरा नहीं होना है.




# कालीपीठ में जल आपूर्ति को लेकर निरीक्षण

## एलएण्डटी कंपनी के अधिकारी पहुंचे, कहा जल्द सुधार होगा

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 29 मार्च, का. विधायक राजगढ़ अमर सिंह यादव एवं जल निगम महाप्रबंधक द्वारा मोहनपुरा ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत ग्राम कालीपीठ में पेयजल आपूर्ति संबंधी शिकायतों के निराकरण हेतु अनुबंधित कंपनी मेसर्स एल एन टी के स्टेट हेड शेख अहमद द्वारा ग्राम का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम के कुछ मोहल्ले में जल आपूर्ति सुचारू रूप से हो रही है परंतु कुछ मोहल्लों में पानी के प्रेशर से संबंधित समस्या सामने आई.**

साथ ही यह भी स्पष्ट हुआ कि पंचायत समिति द्वारा अभी तक कोई स्थायी ऑपरेटर नियुक्त नहीं किया गया है, जिसके कारण संचालन में आंशिक बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं. निरीक्षण के दौरान जल निगम के उप प्रबंधक, एलएनटी के फील्ड स्टाफ एवं संबंधित कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे. अधिकारियों द्वारा प्रेशर संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान एवं नियमित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. साथ ही श्री शेख अहमद द्वारा आश्वस्त किया गया है कि शेष समस्याओं का शीघ्र निराकरण कर ग्रामवासियों को निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी.

# कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगाया

नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 29 मार्च, सं.** भाजपा के संस्थापक पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के दो दिवसीय वर्ग का शुभारंभ में नरसिंहगढ़ मंडावर मंडल के कार्यकर्ताओं का शुभारंभ स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में प्रशिक्षण सत्र का प्रारंभ हुआ. मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा भाजपा जिला महामंत्री देवीसिंह सोंधिया, जिला मंत्री सतेंद्रसिंह राठौड़, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, मंडावर मंडल अध्यक्ष बृजमोहन गुर्जर, प्रशिक्षण वर्ग के प्रभारी रमेश मालवीय द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया समस्त अतिथियों का स्वागत उपरांत प्रशिक्षण वर्ग के मुख्य वक्ताओं सोशल मीडिया से भूपेंद्र सिंह राजपूत कार्य पद्धति कार्यकर्ता संभल के देवी सिंह सोंधिया कार्य विस्तार की हमारी पद्धति के जगदीश नागर तीनों वक्ताओं द्वारा अपने–अपने विषय पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कार्यकर्ताओं को बड़ा ही विस्तार से समझाया गया. तीसरे सत्र की समाप्ति के पश्चात सरस्वती शिशु मंदिर में भोजन व्यवस्था रही.

### भूकंप बचाव संबंधी प्रशिक्षण का आयोजन

**राजगढ़ 29 मार्च, का.** आपदा प्रबंधन संस्थान भोपाल के दिशा निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा के संयुक्त तत्वावधान में 5 दिवसीय भूकंप पूर्व तैयारी, क्षमतावर्धन कार्यक्रम, ध्वस्त ढांचा एवं खोज व बचाव संबंधी प्रशिक्षण का आयोजन पॉलिटेक्निक कॉलेज राजगढ़ में किया गया.

# 5 करोड़ की लागत से बनेगी बाउण्ड्रीवॉल और सड़क

**खिलचीपुर 29 मार्च, सं.** विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दूंदाहेड़ी में 5.35 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क एवं 25 लाख की लागत से बनने वाली बाउंड्रीवाल का भूमिपूजन क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक हजारीलाल दांगी की उपस्थिति मे संपन्न हुआ. इस अवसर पर बालचन्द दांगी, पूर्व जिला सह कोषाध्यक्ष देवेन्द गौड़, जिला सह कोषाध्यक्ष



मण्डल महामंत्री भारतसिंह तोमर, सरपंच संघ अध्यक्ष बलवंत सिंह सिसोदिया, आईटी सेल जिला संयोजक अजय साहू, मण्डल उपाध्यक्ष बबलू सोनी, मांगीलाल परमार, सरपंच सियाराम दांगी, वरिष्ट नेता चौथमल दांगी, रायसिंह दांगी सहित भाजपा पदाधिकारीगण जनप्रतिनिधि गण एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे.

# बुक एक्सचेंज व आधार कैंप का आयोजन हुआ

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 29 मार्च, का.** नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था आईपीएस विद्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया. जिसमें 30 यूनिट रक्तदान हुआ. रिजल्ट डे के अवसर पर सामाजिक सरोकारों से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया. कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित रक्तदान शिविर में अभिभावकों, शिक्षकों एवं पूर्व विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 30 यूनिट रक्तदान किया.

रक्तदान शिविर ब्लड सेंटर जिला अस्पताल राजगढ़ के सहयोग से आयोजित किया गया. इस अवसर पर डॉ. फरहान खान (एम.डी., ब्लड बैंक ऑफिसर), राजकुमार भीलाला (इंचार्ज ब्लड बैंक), रईस खान, नरेंद्र वैष्णव विशेष रूप से उपस्थित रहे.

**पुस्तके देकर किया सहयोग–** विद्यालय परिसर में आयोजित बुक एक्सचेंज शिविर विद्यार्थियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा. इस पहल के अंतर्गत छात्रों ने अपनी पुरानी पुस्तके अन्य विद्यार्थियों को देकर सहयोग की भावना को प्रोत्साहित किया. वहीं आगामी कक्षा के लिए आवश्यक पुस्तके भी प्राप्त की. यह पहल न केवल आर्थिक रूप से सहायक सिद्ध हुई, बल्कि संसाधनों के सदुपयोग का प्रेरणादायक संदेश भी दिया. आधार कैंप में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने नए आधार कार्ड बनवाए तथा पुराने कार्ड में आवश्यक संशोधन कराए, जिससे उन्हें काफी सुविधा हुई. विद्यालय के प्राचार्य राजेश मंडलोई भी उपस्थित रहे. विद्यालय प्रबंधन द्वारा किए गए इन प्रयासों की सराहना की गई. यह आयोजन केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक सीमित न रहकर सामाजिक उत्तरदायित्व एवं जनसेवा की भावना को सुदृढ़ करने वाला रहा.

### वयोवृद्ध दरियाबाई यादव दिवंगत



**नवभारत न्यूज, तलेन 29 मार्च, सं.** रविवार को स्वर्गीय करण सिंह यादव की धर्मपत्नी एवं धार्मिक उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ मनमोहन यादव की पूज्य माताजी एवं मयंक एवं गौरव की दादी श्रीमती दरियाव बाई यादव का 90 वर्ष की आयु में देवलोकगमन हो गया. श्रीमती दरियाव बाई यादव बहुत ही धार्मिक और परिवारवत्सल महिला थी. उनकी अंतिम यात्रा स्वनिवास शुजालपुर पचोर रोड तलेंन से निकाली गई. उनकी अंतिम यात्रा में नगर तथा आस पास क्षेत्र के लोगो शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की.

# रॉयल हाइट्स हायर सेकेंडरी स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**जीरापुर 29 मार्च, सं.** रॉयल हाइट्स हायर सेकेंडरी स्कूल में पुरस्कार वितरण एवं विदाई समारोह का आयोजन सम्पन्न हुआ. शुरुआत संस्था संचालक रणधीर सिंह, संस्था प्रबंधक यशवर्धन सिंह की. समारोह में कक्षा 12वीं के छात्रों को 11वीं के विद्यार्थियों ने विदाई दी. समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर देश प्रेम शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल रहने की सीख नृत्य, नाटक एवं अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से दी.




इसके साथ ही खेल एवं अन्य गतिविधियों में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया. संस्था संचालक रणधीर सिंह ने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी जीवन सफलता की नींव होता है. अनुशासन, मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण से ही जीवन में ऊंचाइयों को छुआ जा सकता है. उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं. विद्यालय हमें केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला और व्यक्तित्व निर्माण भी सिखाता हैं. कार्यक्रम में विद्यालय परिवार अभिभावकों विद्यार्थियों की उपस्थिति रही.

# कैलादेवी के दरबार में हुआ भण्डारा

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 28 मार्च, का.** नवरात्रि के उपलक्ष्य में स्थानीय शहीद कॉलोनी स्थित माँ कैलादेवी मंदिर धाम पर शनिवार को विशाल भण्डारे का आयोजन रखा गया है. जिसमें हजारों लोगो ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की. शाम के समय महाआरती के बाद भण्डारा शुरु हुआ. माता रानी के जयकारें गूंज रहे थे. बड़ी संख्या में नागरिकों ने भण्डारे में प्रसादी ग्रहण की. भण्डारा देर रात्रि तक चला. कॉलोनी सहित नगर के विभिन्न स्थानों से लोग भण्डारे में शामिल हुए.

गौरतलब है कि कैलादेवी मंदिर पर नवरात्रि पर्व बड़ी ही व्यापक स्तर पर मनाया जाता है. धार्मिक अनुष्ठान, आयोजन के साथ ही नवरात्रि के समापन पर भण्डारे का आयोजन किया जाता है.

# हनुमान मंदिरों की दण्डवत परिक्रमा पर निकले



नवभारत न्यूज

**जीरापुर 29 मार्च, सं. हनुमान जयंती के पावन अवसर पर नगर के गिरिराज भक्त मंडल के तत्वाधान में पहली बार दण्डवत परिक्रमा यात्रा का आयोजन किया गया. जिसमें श्रद्धालुओं ने शामिल होकर दंडवत परिक्रमा की.**

दंडवत परिक्रमा प्रात: छापीहेड़ा नाका स्थित हटीले हनुमान मंदिर पर विधायक हजारीलाल दांगी ने पूजा अर्चना करके प्रारंभ करवाई. जो नगर के विभिन्न बालाजी मंदिरों से होती हुई पुन: हटीले हनुमान मंदिर पर समापन हुआ. जहां पर महाआरती के बाद प्रसादी वितरण की गई.

आयोजकों ने बताया कि हनुमंत जन्मोत्सव पर शहर में यह पहली दंडवत परिक्रमा निकाली जा रही जो हर वर्ष हनुमंत जन्मोत्सव पर निकाली जाएगी. दण्डवत परिक्रमा यात्रा में शामिल भक्त भगवान के जयकारे एवं भजन कीर्तन करते चल रहे थे. दण्डवत परिक्रमा यात्रा में प्रसिद्ध कथावाचक पंडित सुरेश बिहारी नागर, पं. कमल बिहारी नागर सहित गिरीराज भक्त मण्डल के सदस्य हेमन्त जोशी, पवन कुशवाह, मुकेश पुष्पद टेक्सी, शिव मण्डलोई, ओमप्रकाश सेन सहित अन्य धार्मिक भक्त शामिल रहे.

मध्य मार्ग में सिदेश्वर महादेव मंदिर समिति, भव्य एकेडमी स्कूल, बागवाले बालाजी समिति, खांड़ी वाले बालाजी, जयसवाल परिवार खरला मोहल्ला, प्रभात फेरी महिला मण्डल द्वारा बाग वाले मंदिर पर, बस स्टैंड, बुधवारिया बाजार एवं समापन अवसर पर भानपुरा वाले परिवार द्वारा पेयजल, स्वल्पाहार करवा कर भव्य स्वागत किया. पूर्व नपाध्यक्ष द्रय दिनेश पुरोहित, बलराम टांक जनप्रतिनिधि तथा आम नागरिकों ने भी बीच–बीच में शामिल होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई.

### इन मंदिरों तक दण्डवत पहुंचे

दंडवत परिक्रमा यात्रा हटिले हनुमान मंदिर पचोर नाका से शुरु होकर श्रीराम मंदिर आवास कॉलोनी, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर थाना परिसर, हनुमान मंदिर किशनगढ़, बालाजी मंदिर बुधवारिया बाजार, बाग वाले हनुमान मंदिर परोलिया रोड, खांड़ी वाले बालाजी मंदिर, गोप चौहानजी हनुमान मंदिर, हनुमान जी बस स्टैंड मंदिर, चामुंडा माता हनुमान मंदिर, बाल हनुमान मंदिर कोर्ट परिसर से पुन: हटिले हनुमान मंदिर पर समापन हुआ.

**प्लान** शिकायत समाधान शिविर में जमीन विवाद सुलझा, चार साल पुराना मामला खत्म

# पंचनामे बनाकर जमीनी और घरेलू विवाद सुलझाए

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 29 मार्च, सं. थाना परिसर में रविवार को आयोजित शिकायत समाधान शिविर में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच बहस बढ़ गई, जिसे पुलिस अधिकारियों की सख्त समझाइश और मध्यस्थता से शांत कराया गया. करीब चार साल से चला आ रहा विवाद आपसी समझौते के साथ समाप्त हो गया.**

शिविर की शुरुआत सुबह करीब 11 बजे मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई. थाना परिसर के सामने टेंट लगाकर क्षेत्र के आवेदक और अनावेदक पक्षों को बुलाया गया था. शिविर में प्रभारी तहसीलदार आर.पी. सिंह, एसडीओपी धर्मवीर नागर और थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती की मौजूदगी में शिकायतों की सुनवाई की गई. क्षेत्र की चारों बीट के पुलिस प्रभारियों ने पहले से दर्ज प्रकरणों में संबंधित पक्षों को आमने–सामने बैठाकर चर्चा कराई.




**पंचनामे बनाकर मौके पर किया निराकरण**–शिविर के दौरान कई छोटे–बड़े विवाद आपसी सहमति से सुलझाए गए. समझाइश के बाद सहमत हुए मामलों में मौके पर ही पंचनामे तैयार कर विवादों का निराकरण किया गया, जिससे लोगों को राहत मिली. इसी दौरान ग्राम गादियामेर निवासी एक ही परिवार के बनेसिंह सौंधिया और कृष्णपाल सौंधिया के बीच वर्ष 2022 से चल रहा जमीन विवाद भी सुनवाई के लिए आया. चर्चा के दौरान दोनों पक्षों में अचानक कहासुनी शुरू हो गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया. स्थिति को देखते हुए एसडीओपी धर्मवीर नागर ने हस्तक्षेप करते हुए सख्त लहजे में कहा, ज्यादा पहलवानी मत दिखाओ, तुमसे बड़े पहलवान यहां बैठे हैं. बहस से नहीं, शांति से बात करने से ही समाधान निकलेगा. इसके बाद थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती ने भी दोनों पक्षों को शांत रहकर बातचीत करने की समझाइश दी.



गादियामेर निवासी मनोहर चौहान ने बताया कि पुलिस की पहल से उनका पुराना विवाद सुलझ गया है और अब दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति बन गई है. उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद नहीं होगा. शिविर के दौरान पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी भी करीब दस मिनट के लिए पहुंचे. उन्होंने आवेदकों और अनावेदकों से चर्चा कर प्रकरणों की जानकारी ली तथा अधिकारियों को विवादों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शिकायत समाधान शिविरों का उद्देश्य छोटे–मोटे विवादों को आपसी समझाइश से सुलझाना है. ताकि लोगों को थाने और अदालत के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें तथा क्षेत्र में आपसी सौहार्द और शांति बनी रहे.